Chapter- 3

# इ और ई की मात्रा

## STUDY NOTES

- मात्रा - व्यंजन के बाद स्वरों के बदलते हुए स्वरूप को मात्रा कहते हैं। मात्राओं की पहचान उसके चिन्हों से की जाती है।

| |
|---|
| आ - ( ा ), इ ( ि ), ई ( ी ), उ ( ु ), ऊ ( ू ), ऋ ( ृ ), ए ( े ), ऐ ( ै ), ओ ( ो ), औ ( ौ ), अं ( ं ), अः ( : ) |

- हम छोटी 'इ' तथा बड़ी 'ई' मात्राओं का प्रयोग, उनके उच्चारण, लेखन तथा पठन कौशल का ज्ञान प्राप्त करेंगे।

- छोटी 'इ' ( ि ) मात्रा की पहचान तथा उच्चारण का ज्ञान -
  - क) यह मात्रा व्यंजन के पहले लगाई जाती है।
  - ख) इसका चिन्ह है - ( ि )
  - ग) इसका उच्चारण करते समय व्यंजन के साथ प्रयोग में आने पर व्यंजन का उच्चारण धिमे स्वर में किया जाता है।
  - घ) अभ्यास के लिए सभी व्यंजन के साथ लगाकर उच्चारण करें। (कि, खि, गि, घि, चि, छि)

- इ ( ि ) मात्रा संबधित शब्द -

ि + च + ि + ड + या - चिड़िया



ि + ह + र + न - हिरन



| | | | |
|---|---|---|---|
| किताब | दिन | टिकट | सितार |
| लिख | मिला | किरन | साइकिल |
| गिन | किला | किधर | रिमझिम |
| बिल | सिखा | जिधर | डाकिया |

- बड़ी 'ई' ( ी ) मात्रा का पहचान तथा उच्चारण का ज्ञान -
  - क) यह मात्रा व्यंजन के बाद लगाई जाती है।
  - ख) इसका चिन्ह ( ी )
  - ग) जब बड़ी ' ई ' ( ी ) मात्रा व्यंजन के साथ लगती है, व्यंजन का उच्चारण लंबा तथा तेज होता है।
  - घ) अभ्यास के लिए सभी व्यंजन के साथ लगाकर उच्चारण करें (की, खी, गी, घी, ही)

- ई ( ी ) मात्रा संबधित शब्द -

म + छ + ल + ी - मछली  द + ी + प + क - दीपक 

| | | | |
|---|---|---|---|
| झील | खीर | पीपल | खीरा |
| चील | नीर | लकड़ी | पनीर |
| तीस | तीर | बकरी | दीदी |
| नदी | चीता | शरीर | शीशा |

- दोनों मात्राओं (इ, ई) के शब्दों के उच्चारण में अंतर जानने तथा समझने के लिए शब्दों का अधिक से अधिक उच्चारण द्वारा पठन अभ्यास करें।

- व्याकरण - लिंग

**परिभाषा -**

जिन शब्दों से किसी व्यक्ति तथा वस्तु में स्त्री तथा पुरूष जाति का बोध होता है उसे लिंग कहते हैं।

यह दो प्रकार के होते है (क) स्त्रिलिंग (ख) पुल्लिंग

**स्त्रिलिंग-** जिन शब्दों से स्त्री जाति का बोध हो -

जैसे - दादी, नानी, मामी, चाची, लड़की

**पुल्लिंग -** जिन शब्दों से पुरूष जाति का बोध हो -

जैसे - दादा, मामा, नाना, चाचा, लड़का

## अभ्यास कार्य

१. सही शब्द पर घेरा ◯ लगाइए -

| | | | |
|---|---|---|---|
| झाड़ी - | झाड़ि | झाड़ी | झाडी |
| तितली - | तितलि | तीतली | तितली |
| सीटी - | सिटि | सीटी | सिटी |
| बकरी - | बकरी | बकरि | वकरी |
| झिलमिल- | झिलमील | झिलमिल | झीलमिल |

**उत्तर -** झाड़ी, तितली, सीटी, बकरी, झिलमिल

**२. चित्र देखकर वाक्य पूरे कीजिए -**

क) अब  .............. पकड़।

ख) मीरा  ............... बजा।

ग) नीता  .............. भर।

घ)  ............... दाना लाई।

ङ) नानी मीठी  ............... लाई।

**उत्तर -** (क) मछली (ख) सीटी (ग) गिलास (घ) चिड़िया (ङ) लीची


ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow


३. **लिंग बदलें।**


| **स्त्रिलिंग** | **पुल्लिंग** |
|---|---|
| दादी | |
| नानी | |
| लड़की | |
| मामी | |
| चाची | |


**उत्तर-** दादी - दादा, नानी - नाना, लड़की - लड़का, मामी - मामा, चाची - चाचा

४. **चित्र देखकर शब्द पूरा करें।**




**उत्तर-** (क) नल, लड़की (ख) सितार, चारपाई (ग) सियार, हिरन (घ) टिकट, पटरी

**अतिरिक्त प्रश्न:**

**१. प्रश्नों के उत्तर दें।**

क) डाकिया क्या लाया ?

उ- डाकिया डाक लाया।

ख) कौन सा दिन था ?

उ- शनिवार का दिन था।

ग) किसने सितार बजाया ?

उ- अनिल ने सितार बजाया।

घ) दीदी कैसे सजकर आई ?

उ- दीदी लाल परी-सी सजकर आई।

ङ) झील पर कौन गया ?

उ- झील पर नानी गई।

च) मामी क्या लाई ?

उ- मामी मीठी लीची लाई।

**२. सार्थक शब्द लिखें।**

कबरी - ............

ताबकि - ............

तासिर - ............

ताची - ............

**उत्तर-** बकरी, किताब, टिकट, सितार, चीता

**३. दिए गए शब्दों में सही मात्रा का प्रयोग करें। ( ि, ी)**

क) नद - .............

ख) खला - .............

ग) साइकल - .............

घ) घड़ - .............

ङ) मठाई - .............

**उत्तर -** (क) नदी (ख) खिला (ग) साइकिल (घ) घड़ी ङ) मिठाई

♦ ♦ ♦

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow